# हथियारबंद बदमाशों ने परिवार को बनाया बंधक

**बांसखेड़ा में लूट**

## सोने-चांदी व नकदी लूटकर फरार हुए आरोपी, महिलाओं से भी की मारपीट

**सलामतपुर,04 फरवरी. क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई है. गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत पर बने मकान में रह रहे एक परिवार को हथियारों से लैस 4 से 5 अज्ञात बदमाशों ने बंधक बनाकर सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी लूट ली. लूट के दौरान महिलाओं समेत परिवार के सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई.**



पुलिस के अनुसार बांसखेड़ा निवासी फरियादी अभिषेक विश्वकर्मा ने बताया कि देर रात बाहर आहट सुनकर उनके पिता नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा ने उन्हें बाहर देखने भेजा. बाहर दो बदमाश खड़े मिले, जिन्होंने हमला करने की कोशिश की. अभिषेक किसी तरह घर में घुसकर दरवाजा बंद कर पाए, लेकिन बदमाशों ने पत्थर से दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी. बीच-बचाव करने आई मां सावित्री बाई, चाचा लक्ष्मण विश्वकर्मा और चाची राजमनी बाई को भी डंडों से पीटा गया. बदमाशों ने महिलाओं के सोने के मंगलसूत्र, लौंग, चांदी की पायल, चूड़ियां सहित अन्य आभूषण उतरवा लिए और घर में रखी पलंग पेटी तोड़कर करीब 45 हजार रुपये नकद व लगभग 1.25 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए. कुल लूट करीब 1 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है.

> लूट के दौरान चाचा लक्ष्मण विश्वकर्मा ने छिपकर पड़ोसी किसान के चौकीदार को मोबाइल से सूचना दी. टॉर्च की रोशनी दिखाई देने पर आरोपी खेतों के रास्ते पैदल ही फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस सहित उमरावगंज, सांची और सैंडोरा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची. डॉग स्क्वॉड व एफएसएल टीम ने भी जांच की. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है. घायलों का सांची सिविल अस्पताल में उपचार के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है.



# बेगमगंज को नंबर वन बनाने की कवायद शुरू

**बेगमगंज,04 फरवरी. नगर को पुन: स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद अध्यक्ष संदीप लोधी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है. इस अभियान के तहत नगर के प्रत्येक क्षेत्र में 34 नपाकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके.**

नगर के प्रमुख मार्गों और क्षेत्रों को विभिन्न टीमों में विभाजित किया गया है. भोपाल रोड पर पलकमती नाले से कृषि उपज मंडी तक तीन टीमें, अस्पताल मार्केट एवं नया बस स्टैंड क्षेत्र में एक टीम, कबीट चौराहे से पुराना बस स्टैंड तक एक टीम, पुराना बस स्टैंड से सुल्तानगंज तिगड्डे तक दो टीमें तथा भोपाल-सागर मार्ग पर 23 नपाकर्मियों की तैनाती की गई है. इसके अतिरिक्त दो सफाई दरोगाओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है. सफाई दरोगा दिनेश सपेरे को वार्ड क्रमांक 1 से 9 तक तथा रघुवीर को वार्ड क्रमांक 10 से 18 तक सफाई व्यवस्था की निगरानी का दायित्व सौंपा गया है. सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ दुकानदारों से अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखने, गंदगी फैलाने पर रोक लगाने तथा स्वच्छता वाहनों के माध्यम से मुनादी कर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई. रैली नगरपालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड, लोहा मिल्स, कबीट चौराहा, महाराणा प्रताप रोड एवं नया बस स्टैंड होते हुए पुन: नगरपालिका कार्यालय पहुंची, जहां इसका समापन हुआ. रैली के माध्यम से नागरिकों को नगर को कचरा एवं गंदगी मुक्त रखने का संदेश दिया गया. मुख्य नपाधिकारी राजेंद्र शर्मा ने नगरवासियों से स्वच्छता अभियान में सहयोग कर बेगमगंज को देश में नंबर वन बनाने की अपील की.

## एक नजर में



### कलेक्टर ने कक्षा 5वीं व 8वीं परीक्षा के लिए दिए निर्देश

**रायसेन.** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिला परीक्षा समिति की बैठक में दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारियों को राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी, मान्यता प्राप्त तथा मदरसों में पढ़ रहे नियमित विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा समयबद्ध तरीके से कराने को कहा. कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में निष्ठा और गंभीरता से काम लिया जाए और बच्चों को मानसिक दबाव से बचाते हुए प्रोत्साहित किया जाए. बैठक में डीपीसी ने बताया कि जिले में 2361 विद्यालय हैं, जिसमें कक्षा 5वीं में 24,322 और कक्षा 8वीं में 22,420 विद्यार्थी शामिल हैं. परीक्षा की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी निर्देश दिए गए.

### आत्महत्या वीडियो डालने वाली युवती को पुलिस ने बचाया

**देवनगर.** देवनगर में मंगलवार को रात करीब 8 बजे एक 25 वर्षीय युवती द्वारा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या से जुड़ा वीडियो अपलोड किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस और साइबर सेल की तत्परता से उसकी जान बचा ली गई. वीडियो की जानकारी राज्य साइबर सेल, इंदौर जोन को मिली, जिसके बाद तत्काल युवती की पहचान और लोकेशन ट्रेस की गई और देवनगर थाना प्रभारी को सूचित किया गया. एसडीओपी सोनल गुप्ता ने बताया कि साइबर सेल से मिली सूचना पर देवनगर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवती से बातचीत की. पूछताछ में युवती ने पारिवारिक कारणों से मानसिक रूप से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात कही. पुलिस ने उसे सुरक्षित स्थिति से बाहर निकाला और चिकित्सीय परीक्षण कराया. इसके बाद युवती की काउंसलिंग कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. इस पूरे रेस्क्यू अभियान में एसडीओपी सोनल गुप्ता, थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया एवं महिला पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही.

### खाना देने जा रही युवती की हत्या, आरोपी का शव मिला

**रायसेन.** जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के भरतीपुर गांव में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. अपने पिता को खेत पर खाना देने जा रही 20 वर्षीय युवती की एक युवक ने बुरी नीयत से पकड़कर दुष्कर्म करने की कोशिश की. युवती के विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी. सुल्तानपुर थानाप्रभारी संतोष सिंह ठाकुर के अनुसार मृतका शिवानी रोज की तरह खेत जा रही थी, तभी गांव के ही 25 वर्षीय प्रकाश सिंह भिलाड़ा ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया. विरोध पर आरोपी ने हमला कर युवती की मौके पर ही हत्या कर दी और फरार हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग आरोपी की तलाश में निकल पड़े. पुलिस भी मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान में जुट गई. शाम को आरोपी युवक का शव घोघरा नदी के पास संदिग्ध हालत में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. आरोपी की मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया है. दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए गांव में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है.

# एमजी एचएम एकता भोपाल बनी विजेता

## सिलवानी में अखिल भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**सिलवानी,04 फरवरी. शिवाजी नवयुवक ग्रुप सिलवानी के तत्वावधान में शासकीय कॉलेज ग्राउंड सिलवानी में आयोजित अखिल भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ संपन्न हुआ. प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित विभिन्न जिलों से आई टीमों ने भाग लिया. पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों की भारी भीड़ मैदान पर मौजूद रही.**



प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख 1 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी रखी गई थी. अंतिम दिन खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया.

दिन का पहला मुकाबला तोता इलेवन और ग्लोवल टीवीएस के बीच खेला गया. ग्लोवल टीवीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 123 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी तोता इलेवन की टीम 75 रन ही बना सकी और ग्लोवल टीवीएस ने मुकाबला अपने नाम किया.

दूसरा मुकाबला एमजी एचएम एकता भोपाल और कारतूस इलेवन राहतगढ़ के बीच खेला गया. कारतूस इलेवन राहतगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में 60 रन बनाए, एमजी एचएम एकता भोपाल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 5.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. फाइनल मुकाबला एमजी एचएम एकता भोपाल और ग्लोवल टीवीएस सिलवानी के बीच खेला गया. ग्लोवल टीवीएस सिलवानी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में 67 रन बनाए. जवाब में एमजी एचएम एकता की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मात्र 4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर प्रतियोगिता जीत ली.

फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने विजेता टीम एमजी एचएम एकता भोपाल को ट्रॉफी एवं 1 लाख 1 हजार रुपये का चेक प्रदान किया, जबकि उपविजेता टीम ग्लोवल टीवीएस सिलवानी को ट्रॉफी एवं 50 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया.

पूर्व मंत्री राजपूत ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम है.उन्होंने आयोजक की सराहना की और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रशिक्षण आयोजित

**रायसेन.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 07 फरवरी से 07 मार्च तक होगा. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर जिला स्तर पर पंजीयन प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण व कार्यशाला आयोजित की गई.

कार्यशाला में जिला आपूर्ति अधिकारी, सहायक पंजीयक सहकारिता, जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी एवं बैंक प्रतिनिधि ने जिले के 117 पंजीयन केंद्रों के प्रबंधक एवं ऑपरेटर्स को पंजीयन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी. प्रशिक्षण में बताया गया कि सिकमी अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पहले का ही मान्य होगा और पंजीयन के दौरान सिकमी अनुबंध का अपलोड अनिवार्य है. ऑपरेटर्स को निर्देश दिया गया कि अन्य व्यक्तियों के खसरे का पंजीयन अपने नाम से नहीं किया जाए. परिवार में केवल पत्नी व बच्चों की भूमि ही अपने नाम से जोड़ी जा सकती है, जबकि भाई एवं अन्य के खसरे का पंजीयन सिकमी के अंतर्गत ही होगा.

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर घायल

▸ **रेलवे ओवरब्रिज के पास की घटना, पुलिस ने मामला दर्ज किया**

**सलामतपुर,04 फरवरी. बीती रात सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास एक अज्ञात कार ने बाइक सवार दंपत्ति को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में बाइक पर सवार पति, पत्नी और उनका बेटा घायल हो गए, जबकि महिला को गंभीर चोटें आई हैं. महिला को पहले विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर भोपाल के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरोदा गांव निवासी चंदन सिंह अपनी पत्नी एवं बेटे नीरज राजपूत के साथ मंगलवार रात रिश्तेदारी से लौटकर टीवीएस मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 40 जेडजे 3811 से गांव जा रहे थे. जैसे ही वे सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई. टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े, जिसमें पीछे बैठी महिला को गंभीर चोटें आईं.

पुलिस ने बाइक चालक नीरज राजपूत की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध धारा 281 एवं 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन की तलाश कर रही है.



**इनका कहना है**

रेलवे ओवरब्रिज के पास अज्ञात कार द्वारा बाइक सवार दंपति को टक्कर मारने का मामला दर्ज किया गया है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी, सलामतपुर

> **स्टेट हाइवे 18 पर लगातार हो रहे हादसे**
> भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. स्थानीय लोगों ने इस मार्ग को चार लेन करने की मांग शासन-प्रशासन से की है. लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ी होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी.

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के आवेदन 24 तक

**रायसेन.** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रायसेन जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए 24 फरवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. योजना की पात्रता रखने वाले शहरी क्षेत्र के आवेदक नगरीय निकाय कार्यालय में और ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन दिनों में आवेदन जमा कर सकते हैं. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रायसेन जिले के कुल 779 तीर्थ यात्री ट्रेन के माध्यम से 10 मार्च को अयोध्या के लिए रवाना होंगे. तीर्थदर्शन के बाद वे 13 मार्च को रायसेन वापस लौटेंगे. यात्रा के दौरान 16 अनुरक्षक एवं पांच सुरक्षाकर्मी भी तीर्थयात्रियों के साथ रहेंगे.

# घर के पास निकला जहरीला सांप

▸ **सर्प मित्र ने किया सुरक्षित रेस्क्यू**

**सलामतपुर,04 फरवरी. काछी कान्हाखेड़ा गांव में एक घर के पास जहरीला सांप निकलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. सबसे पहले एक छोटी बच्ची की नजर सांप पर पड़ी, जिसने तुरंत अपने परिजनों और आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और दहशत का माहौल बन गया.**



बताया जा रहा है कि सांप काफी खतरनाक और जहरीला था. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने सर्प मित्र प्रभु नाथ को सूचना दी. प्रभु नाथ मूल रूप से भोपाल निवासी हैं और वर्तमान में सलामतपुर चौराहा क्षेत्र में रह रहे हैं. सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जिंदा पकड़ लिया. सांप के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली. इस दौरान सर्प मित्र प्रभु नाथ ने बताया कि वे कई वर्षों से सांपों का रेस्क्यू कर रहे हैं और पकड़े गए सांप को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया जाएगा. उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत किसी प्रशिक्षित सर्प मित्र या वन विभाग को सूचना दें.

### समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 7 से

**बेगमगंज,04 फरवरी.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है. किसान 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं. रायसेन जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन के लिए कुल 117 पंजीयन केंद्र स्वीकृत किए गए हैं. इन केंद्रों पर 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक नि:शुल्क पंजीयन किया जाएगा. इसके अतिरिक्त किसान मोबाइल एप, एमपी ऑनलाइन, सीएससी केंद्र, ग्राम पंचायत सुविधा केंद्र, लोक सेवा केंद्र एवं इंटरनेट कैफे के माध्यम से अधिकतम 50 रुपये शुल्क देकर भी पंजीयन करा सकते हैं. पंजीयन नीति 2026-27 के बिंदु क्रमांक 6.9 के अनुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों को सिकमी या बटाई अनुबंध मान्य होने की स्थिति में ही पंजीयन की पात्रता होगी. यह अनुबंध 2 फरवरी 2026 के पूर्व की अवधि का पंजीकृत होना अनिवार्य है.

**श्रीमद् भागवत कथा** ▸ चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म, वामन अवतार व गजेंद्र मोक्ष की कथाओं से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने लिया कथा श्रवण

**सिलवानी,04 फरवरी. नगर के माँ कर्मा ग्राउंड, सरस्वती शिशु मंदिर रोड पर 1 से 7 फरवरी तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर प्रवाहित हो रही है. कथा व्यास पं. सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कर रहे हैं.**



बुधवार को पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत कथा स्थल पर पहुंचे. उन्होंने कथा व्यास पं. सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज को तिलक लगाकर शाल एवं श्रीफल भेंट किए तथा पुष्पमाला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर उन्होंने भगवान से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा. श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म, पूतना वध, वामन अवतार, गजेंद्र मोक्ष एवं समुद्र मंथन जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया. श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे. वामन अवतार के प्रसंग में बलि राजा से तीन पग भूमि मांगकर भगवान विष्णु द्वारा अहंकार के त्याग और समर्पण का संदेश दिया गया.

> कथा के दौरान बेटियों की शिक्षा व संस्कार, गौ सेवा और गायत्री मंत्र जाप पर विशेष जोर दिया गया. चौथे दिन संगीतमय भजनों और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरजीश चौरसिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे.

# हाइपोथाइरॉएडिज्म का उपचार उपलब्ध

**बेगमगंज,04 फरवरी. युवाओं में तेजी से बढ़ रहे हाइपोथाइरॉएडिज्म रोग के शीघ्र निदान एवं उपचार के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय परिसर में एक विशेषज्ञ इकाई की स्थापना की गई है. इस इकाई में हाइपोथाइरॉएडिज्म से पीड़ित मरीजों का विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया जा रहा है, जिससे बड़ी संख्या में रोगी लाभान्वित हो रहे हैं.**

यहां होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के साथ योग, आहार चिकित्सा एवं प्राकृतिक उपचार विधियों द्वारा रोगी का समग्र उपचार किया जाता है. उपचार से पूर्व रोगी का बॉडी कंपोजीशन एनालिसिस किया जाता है, ताकि उपचार को व्यक्ति विशेष के अनुरूप तैयार किया जा सके.

उपचार का लाभ पूर्व पंजीयन के माध्यम से शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में लिया जा सकता है. पंजीयन हेतु दूरभाष क्रमांक 0755-2992970 पर शासकीय कार्य दिवसों में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है.

> वर्तमान समय में जीवनशैली, आहार एवं पर्यावरणीय प्रभावों के कारण युवा वर्ग, विशेषकर महिलाओं में, हाइपोथाइरॉएडिज्म की समस्या तेजी से बढ़ रही है. यह रोग वजन बढ़ने, थकान, अनियमित माहवारी एवं भविष्य में डायबिटीज व मोटापे जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. मिश्रा एवं कार्यक्रम प्रमुख डॉ. जूही गुप्ता ने बताया कि कम आयु में उपचार से रोग की गंभीरता और भविष्य में होने वाले दुष्प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है.